अनदेखी

स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# प्रशासन की कार्रवाई का कोई असर नहीं, क्लीनिक और बंद मेडिकल स्टोर फिर से शुरू



**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 5 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले झोला छाप डॉक्टरों पर की गई कार्रवाई कागजों तक ही सिमट कर रह गई।**

शनिवार को स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा बिछुआ और महुआमोड़ में सील किए गए क्लीनिक और बंद कराए गए मेडिकल स्टोर महज दूसरे दिन में ही फिर से धड़ल्ले से खुल गए हैं। इससे साफ है कि प्रशासन का डर झोला छापों पर ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति थी।

### क्या हुई थी कार्रवाई

शनिवार को संयुक्त दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संजय विश्वास का बिना डिग्री और अनुमति वाला क्लीनिक सील कर दवाइयां जब्त की थीं। संचालक चिन्मय मंडल का क्लीनिक एन.ओ.सी. न होने पर बंद किया था। 3 दिन में दस्तावेज लाने को कहा था।महुआमोड़ में सत्यम मेडिकल स्टोर के लाइसेंस अधूरे पाए जाने पर उसे बंद कराकर सारा सामान हटाने निर्देश दिए थे।

### फिर से खुल गए सबके ताले

लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। स्थानीय लोगों के अनुसार सील के अगले ही दिन से महुआ मोड़ सत्यम चिलाटे, संजय विश्वास और चिन्मय मंडल के क्लीनिकों में मरीजों का आना-जाना शुरू हो गया है। ताले हटाकर अंदर से ही इलाज किया जा रहा है। वहीं महुआमोड़ स्थित सत्यम मेडिकल स्टोर भी बिना पूरे लाइसेंस के फिर से खुल गया है। फ्समझाइशफ् के बाद संचालकों ने न तो दस्तावेज पूरे किए और न ही सामान हटाया गया है।

### कार्यप्रणाली पर सवाल

प्रशासन दुबारा बंद के बाद निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं की। न पुलिस पेट्रोलिंग न स्वास्थ्य विभाग की जांच। एक दिन की कार्रवाई के बाद झोला छापों को लग गया कि ज्यादा से ज्यादा 2-3 दिन बंद रहना पड़ेगा फिर सब पहले जैसा। लोग सीधे तौर पर कह रहे हैं। बिना मिली भगत के खुलकर दोबारा कैसे चल सकती है? सांठ गाँठ के आरोप ।

### 50 से अधिक अवैध क्लीनिक अब भी सक्रिय

बिछुआ क्षेत्र में अनुमानित 50 से अधिक अवैध क्लीनिक और बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर चल रहे हैं। शनिवार की कार्रवाई के बाद खबर लगते ही कई संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए थे। लेकिन अब वे भी वापस आ गए हैं।
ग्रामीणों ने कलेक्टर छिंदवाड़ा और सीएमएचओ से मांग की है।
एफआईआर दर्ज हो सील तोड़कर क्लीनिक चलाने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। स्थायी सीलिंग अवैध क्लीनिकों को हमेशा के लिए बंद कर ताला और पुलिस गार्ड लगाया जाए। नियमित जांच हर 4 दिन में औचक निरीक्षण हो और दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो। अब खबर के बाद देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस बार सिर्फ नोटिस और समझाइश देगा या वाकई में मरीजों की जान बचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

# बिछुआ में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## कामकाज ठप, तहसीलों में बस्ते जमा किए

### नामांतरण सीमांकन समेत राजस्व सेवाओं पर पड़ेगा असर




**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 5 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में आज प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। पांच सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने पर मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन के अंतिम चरण में काम बंद करने का निर्णय लिया है।**

इसके तहत पटवारियों ने अपने-अपने तहसीलदारों को बस्ते और राजस्व अभिलेख सौंपकर कार्य का बहिष्कार कर दिया है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के निर्देश पर जिले के सभी पटवारियों ने आज सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर अपने बस्ते और अभिलेख तहसीलदारों को सौंप दिए। संघ ने सभी जिला एवं तहसील इकाइयों को आंदोलन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलम बंद साथ ही जिला अध्यक्षों से आंदोलन की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है।

### पांच सूत्रीय मांगों पर अड़े पटवारी

पटवारी संघ का कहना है कि पदोन्नति कैडर रिव्यू वेतनमान सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से शासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। कई चरणों में आंदोलन करने के बावजूद मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया इसके विरोध में अब अनिश्चितकाली हड़ताल शुरू की गई है।

### राजस्व कार्यों पर पड़ेगा असर

पटवारियों की हड़ताल का सीधा असर राजस्व विभाग के कामका पर पड़ने की संभावना है। नामांतरण, सीमांकन भूमि अभिलेखों से जुड़े कार्य, फसल गिरदावली सहित अन्य राजस्व सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। जिससे आम लोगों एवं किसानों को परेशानी का सामन करना पड़ सकता है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। बिछुआ पटवारी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र ढोबले ने बताया कि हम लोगों ने सरकार से चरणबद्ध तरीके से पहले अपनी बात रखी और यहां मांग सरकार के द्वारा तय किया गया था लेकिन आज तक इस पर किसी भी प्रकार से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस लिए मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सरकार से अपनी उचित मांग को मनवाने और हमारे अधिकार को मांगने के लिए विवश होना पड़ा है जिसके लिए मैं विकास खंड बिछुआ के राजस्व हितग्राहियों से क्षमा मांगता हूं और अपील करता हूं कि किसान और जनप्रतिनिधि भी हमारी मांगों का और हड़ताल का समर्थन करें। जिससे कि जल्दी मांग पुरी हो जाए और फिर काम पर लौटकर किसानों के प्रकरण निपटा सके।

# संभागीय उपायुक्त एन.एस. वरकड़े का आदिवासी कन्या छात्रावास भंडारकुंड पर आकस्मिक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 5 अगस्त, जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त एन.एस. वरकड़े ने बुधवार को आदिवासी कन्या छात्रावास भंडारकुंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्राओं की उपस्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।**

निरीक्षण के दौरान संभागीय उपायुक्त ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, अध्ययन व्यवस्था एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, समय पर भोजन उपलब्ध कराने तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए।इसके अलावा छात्रावास के अभिलेख, उपस्थिति पंजी, भोजन रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों की भी जांच की गई। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।संभागीय उपायुक्त ने छात्रावास प्रबंधन को निर्देशित किया कि छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत जंगली सूअर शिकार के 4 आरोपी जेल भेजे



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 5 अगस्त, वन परिक्षेत्र तामिया, पश्चिम वनमंडल छिन्दवाड़ा की टीम ने अवैध शिकार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम नवरीटोला से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कैसे हुई कार्रवाई परिक्षेत्र अधिकारी गुरुदयाल साहूद्व को 04 अगस्त 2026 की रात लगभग 12.10 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नवरीटोला में कुछ लोग जंगली सूअर का शिकार कर मांस रखे हुए हैं। सूचना पर परिक्षेत्र सहायक कुंआबादला, बीट प्रभारी भांडी एवं अन्य वन अमले ने तत्काल दबिश दी।**

तलाशी के दौरान आरोपियों के घरों से जंगली सूअर का पका हुआ मांस बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपी

धरमसिंह पिता धारसिंह काजले, उम्र 30 वर्ष - घर से कड़ाई में लगभग किलो मांस .चमनसिंह पिता सुक्कन काजले, उम्र 35 वर्ष .किसन पिता बलदेव काजले उम्र 40 वर्ष - घर से जर्मन बर्तन में किलो मांस

संतलाल पिता धीरन भोपा. उम्र 39 वर्ष - घर से हथियार व थाली में 250 ग्राम मांस .सभी आरोपी नवरीटोला, तहसील तामिया, जिला छिन्दवाड़ा के निवासी हैं। पूछताछ में चारों ने जंगली सूअर का शिकार करना स्वीकार किया।

चारों आरोपियों के खिलाफ 05 अगस्त 2026 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51, 52 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आज उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां द्वमाननीय न्यायाधीश सुश्री पूजा मौर्याद्व ने सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।वन विभाग के अनुसार प्रकरण में अन्य साथियों की संलिप्तता को लेकर विवेचना जारी है।वन विभाग की अपील वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं तस्करी की सूचना तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें। वन्यजीवों की रक्षा हम सभी का कर्तव्य है।

# बिछुआ बस स्टैंड में ताज पान सेंटर में चोरी



**चोर ले गए 1 लाख का सिगरेट, पाउच और नगद, 2 बजे रात की घटना**

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 5 अगस्त, बुधवार मध्य रात्रि 2 बजे बिछुआ बस स्टैंड स्थित ताज पान सेंटर में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सिगरेट, पाउच और नगद सहित लगभग 1 लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए।**

घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने पर लगी। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखा सारा सामान बिखेर दिया। दुकान से कीमती सिगरेट के कार्टून, तंबाकू के पाउच और गल्ले में रखा नगद गायब है। कुल नुकसान लगभग 1 लाख रुपए आंका जा रहा है। पुलिस ने बस स्टैंड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिए हैं। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। बस स्टैंड क्षेत्र में दिनदहाड़े हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# कागजों में स्वच्छता, जमीन पर बदहाली, सांख पंचायत में नाडेप टांके उफान पर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 5 अगस्त, जनपद पंचायत छिंदवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सांख में पंचायत सचिव की उदासीन कार्यप्रणाली के चलते पंचायत की व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में हैं। पंचायत परिसर में बने नाडेप टांके महीनों से कचरे, गोबर और जैविक अवशेषों से पूरी तरह भर चुके हैं, लेकिन उन्हें खाली कराने या तैयार खाद का उपयोग कराने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।**

जैविक खाद निर्माण के लिए बनाई गई यह व्यवस्था अब खुद अव्यवस्था की पहचान बन गई है। टांकों के भर जाने से नई सामग्री नहीं डाली जा रही, जिससे सरकार की प्राकृतिक खेती और स्वच्छता से जुड़ी मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। पंचायत परिसर में फैली गंदगी ग्रामीणों की नाराजगी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय-समय पर नाडेप टांके खाली कर खाद तैयार की जाए तो किसानों को जैविक खाद का लाभ मिलेगा, लेकिन पंचायत की लापरवाही के कारण पूरी व्यवस्था ठप पड़ी है।ग्रामीणों ने जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से मौके पर जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने तथा नाडेप टांकों को तत्काल खाली कर जैविक खाद निर्माण शुरू कराने की मांग की है। इससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था सुधरेगी बल्कि किसानों को भी योजना का वास्तविक लाभ मिल सकेगा।

# वनराज जडेजा ने की गुजरात की शिक्षा मंत्री से भेंट



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 5 अगस्त, अमरकंटक के म0प्र0 से भरूच गुजरात तक एकाग्र नर्मदा के तहत भ्रमण के दौरान वनराज जडेजा द्वारा भरूच में समापन पश्चात गुजरात प्रवास के दौरान विभिन्न राजनेताओ, अधिकारीयों से भेट की गई।**

इस क्रम में गुजरात की शिक्षा मंत्री श्रीमति रीवाबा रविन्द्र सिंह जाड़ेजा से सौजन्य भेट के दौरान श्री जाड़ेजा ने उन्हें नर्मदा अनुभव के साथ म.प्र. गुजरात एकाग्र नर्मदा अभियान की जानकारी दी साथ ही उन्होंने गुजरात के पाठ्यक्रमों में जीवन दायिनी नर्मदा को शामिल करने अनुरोध किया। जिस पर उन्होने यथासम्भव कार्यवाही करने को कहा है ज्ञात हो कि इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरणविद भी उपस्थित थे इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों को वनराज जड़ेजा द्वारा रचित एकाग्र नर्मदा साहित्य-प्रदान किया गया है।

# बिछुआ नगर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 5 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं विधायक सुजीत मेरसिंह चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय बिछुआ में जिला कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष ऋषि वैष्णव एवं चौरई विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुजीत मेरसिंह चौधरी की विशेष उपस्थिति में नगर कांग्रेस कमेटी बिछुआ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में नगर के विकास संगठन की मजबूती तथा आगामी नगर परिषद चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद बिछुआ नगर विकास से कोसों दूर है। नगर में हुए अनेक निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। जिसके कारण कई निर्माण समय से पहले ही जर्जर हो चुके हैं। नगरवासियों को आज भी बेहतर सड़क मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थित विकास का इंतजार है। विधायक सुजीत मेरसिंह चौधरी एवं जिला नगरीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष ऋषि वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की नगर परिषद बनने पर नगर की वर्षों पुरानी मुख्य सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

# लहगडुआ एवं लोनिया में मंडल की मासिक बैठक व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन आज

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 5 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल मोहखेड़ एंव लिंगा की महत्वपूर्ण मंडल बैठक गुरुवार 6 अगस्त को लिंगा मंडल कि 11 बजे 12ऋ30 बजे ग्राम लहगडुआ में आयोजित की गयी.**

बैठक में पूर्व राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बेनर्जी, जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़, मंडल प्रभारी विलास घोंघे,राहुल मोहोड तथा बैठक प्रमुख लखन डोंगरे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

बैठक ततपशचात लोनिया में रंग मंच निर्माण कार्य लोनिया, सीसी नाली निर्माण,सीसी. रोड निर्माण, शौचालय निर्माण कार्य एंव लहगडुआ में सामूदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

लिंगा मंडल मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे एंव मोहखेड मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े ने मंडल पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं सह संयोजकों, बूथ अध्यक्षों, वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं सहित सभी पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# 8 शिक्षक, फिर भी 10वीं में 90 प्रतिशत विद्यार्थी फेल, खिरीटीमाल स्कूल में शिक्षा का ढांचा चरमराया




**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 5 अगस्त, आदिवासी बच्चों का भविष्य खतरे मेंऱ खिरीटीमाल स्कूल में 22 में 20 फेल खिरीटीमाल माध्यमिक शाला का रिजल्ट शर्मनाक10वीं में 22 में से 20 छात्र फेल, 8 शिक्षक होने के बाद भी पढ़ाई का स्तर शून्य तामिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरीटीमाल की शासकीय माध्यमिक शाला का 10वीं का परीक्षा परिणाम शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।**

इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 22 छात्र परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20 छात्र फेल हो गए।सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस स्कूल में शासन द्वारा लाखों रुपए की पमेंट 8 सरकारी शिक्षक पदस्थ हैं। इतने शिक्षक होने के बावजूद यदि पढ़ाई का स्तर शून्य रहे तो आदिवासी अंचल के छात्रों का भविष्य अंधकार में जाना तय है।ग्रामीणों का कहना है की उनके बच्चे तो पइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं हमारे बच्चों का भावेश खतरे में दिख रहा है आरोप है कि लाखों रुपये वेतन लेने के बाद भी शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। समय पर स्कूल न आना, नियमित पढ़ाई न कराना और बच्चों पर ध्यान न देना आम बात हो गई है। इसी लापरवाही का नतीजा है कि बोर्ड परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में बच्चे फेल हुए।स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र के बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो सरकारी स्कूलों से गरीब और आदिवासी बच्चों का भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा।

# 11 अगस्त को पालाखेड और हीरावाड़ी में नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 5 अगस्त, क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के लिए 11 अगस्त दिन मंगलवार पालाखेड और हीरावाड़ी में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में मरीजों की जांच के बाद पात्र मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।**

आयोजनकर्ताओं ने अधिक से अधिक मरीजों से समय पर पंजीयन कराने की अपील की है।यह शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन के लिए चयन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में ऑपरेशन, दवाइयां, लेंस, भोजन एवं रुकने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। साथ ही मरीजों के लिए आने-जाने की बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। ऑपरेशन झोतेश्वर में किए जाएंगे।शिविर में आने वाले मरीजों से आधार कार्ड साथ लाने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से मोतियाबिंद का सफल इलाज संभव है तथा मरीज फिर से स्पष्ट दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में पंजीयन एवं अधिक जानकारी के लिए 9424902802 पर संपर्क किया जा सकता है।